वीयू – विश्वविद्यालय तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा चलाया गया सफाई अभियान

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में कुलपति प्रो मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा के संकल्प 2024 के संभव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के अंतर्गत विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो मनदीप शर्माजी तथा विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों द्वारा विश्वविद्यालय प्रांगण की साफ–सफाई की गई साथ ही कुलपति जी द्वारा विश्वविद्यालय के सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। तथा उनके द्वारा स्वच्छता के कार्य को तत्परता से करने हेतु उन्हें सराहा गया।

मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत अधिष्ठाता डॉ. शशिकांत महाजन के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) इकाई के स्वयं सेवक छात्र–छात्राओं, अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई की गई, जिसमें विश्वविद्यालय प्रांगण, महाविद्यालय प्रांगण को स्वच्छ किया गया, स्वच्छता ही सेवा के संकल्प के तहत यह कार्यक्रम विगत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया तथा आगामी 30 अक्टूबर 2024 तक चलेगा।

कुलपति जी द्वारा अपने उद्बोधन भाषण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा श्री लाल बहादुर शास्त्री जी को याद कर नमन किया तथा उपस्थित अधिकारीगण, कर्मचारीगण, छात्र छात्राओं तथा

सभी सफाई कर्मी मित्रों को गांधी जी के आदर्शों – सत्य, अहिंसा, पर चलने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के देश को स्वच्छ बनाए जाने के संकल्प को पूरा करने हेतु अपने ही प्रांगड़ की सफाई की बात कही।

कार्यक्रम के दौरान कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी, संचालक प्रक्षेत्र, डॉ. एस.एस तोमर, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी.पी. लखानी, अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डॉ. एस.के. महाजन, संपदा अधिकारी डॉ. एस. कारमोरे, संचालक पश्रोपाधि डॉ. बी. राय, डॉ. रणविजय सिंह, डॉ गर्ग, जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सोना दुबे, सहायक कुलसचिव डॉ. रामकिंकर मिश्रा, निधि भलावी, डॉ. माधुरी शर्मा, डॉ. प्रीती मिश्रा, डॉ. शिवांगी शर्मा, डॉ. शिंदे, श्री शिवमोहन सिंह, डॉ. प्रमोद शर्मा, टीचिंग एसोसिएट शिवानी पाठक, प्रियंका गौतम, सत्येंद्र कटारा, प्रतीक कुमार तिवारी, अनिल केवट सहित श्री हेमन्त, श्री सतीश दुबे, शाम्भवी शेवडे, इमरान खान, विश्वविद्यालय तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के सभी कक्षाओं के छात्र–छात्राएं, कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर